2022/230

24/6/22
[illegible]

फर्द अहकाम

ग्रामवारी जाजैकलां बनाम राज0सरकार

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर)

केस संख्या 25 /2022 प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 136 आरटीए

क. संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	1.6.2022	ग्रामवासी ग्राम जाजैकलां की ओर से प्रशासन गावों के संग अभियान 2021 में प्रार्थना पत्र पेश किया गया कि आराजी खसरा नम्बर 1115, 1116 की किस्म गै0मु0पहाड दर्ज है जबकि साबिक रिकार्ड में यह गै0मु0रास्ता दर्ज था जिसके साबिक रिकार्ड के मुताबिक गै0मु0रास्ता दर्ज किया जावें। प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में तहसीलदार शाहपुरा से रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें तहसीलदार शाहपुरा ने जाहिर किया कि सेटलमेन्ट की पूर्व की जमाबन्दी 2028 से 2031 मिसल सेटलमेन्ट 2008–27 में गै0मु0रास्ता दर्ज है तथा वर्तमान में गै0मु0पहार्ड दर्ज रिकार्ड है जिसे दुरूस्त किये जाने की अनुशंषा की । तहसीलदार शाहपुरा की उक्त रिपोर्ट पर संतुष्ट नहीं होने पर पुनः प्रकरण तहसीलदार शाहपुरा को भिजवाकर निर्देशित किया गया कि प्रकरण में मौका निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट के भिजवावे । तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी मौका रिपोर्ट में जाहिर किया कि आराजी खसरा नं0 1115 रकबा 0.17 है0 व 1116 रकबा 0.03 है0 किता 2 रकबा 0.20 है0 किस्म गै0मु0पहाड वाके ग्राम जाजैकलां तहसील शाहपुरा के राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसके आस पास भी कोई पहाड नहीं है तथा रास्ता चालू है । उक्त साबिक खसरा नम्बर 546 किस्म गै0मु0रास्ता से बना है तथा साबिक रिकार्ड में रास्ता दर्ज है। सेटलमेन्ट के समय इसकी किस्म सहवन से बदलकर गै0मु0पहाड़ दर्ज होना जाहिर करते हुए साबिक रिकार्ड के अनुसार गै0मु0रास्ता किये जाने की अभिशंषा के साथ अग्रेषित किया गया । प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो । प्रकरण का अवलोकन किया गया तथा तहसीलदार शाहपुरा की रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया । साबिक खसरा नम्बर 546 रकबा 16 बिस्वा किस्म गै0मु0रास्ता खतौनी बन्दोबस्त वाके ग्राम जाजैकलां तहसील बैराठ सं0 2008 ल0 2027 में दर्ज है तथा जमाबन्दी सं0 2032 में भी किस्म गै0मु0रास्ता दर्ज है। मिलान क्षेत्रफल के अवलोकन से जाहिर है कि साबिक ख0नं0 546 मि0 से खसरा नम्बर 1115 व 1116 से बने है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि साबिक खसरा नम्बर 546 गै0मु0रास्ता था जिसको सेटलमेन्ट विभाग से सहवन से हाल खसरा नम्बर 1115, 1116 कायम करते हुए किस्म गै0मु0 पहाड़ दर्ज कर दी गई जबकि तहसीलदार शाहपुरा की रिपोर्ट अनुसार मौके पर तथा आसपास में भी कोई पहाड़ नहीं होना बताया है । भू प्रबन्ध विभाग के द्वारा सहवन से गै0मु0पहाड दर्ज होने से ग्रामवासियों को मौके पर रास्ता चालू होते हुए भी रिकार्ड मे रास्ता दर्ज नहीं होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो कि दुरूस्ती योग्य है। अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट के तहत स्वीकार किया जाकर तहसीलदार शाहपुरा को आदेश दिये जाते है कि खसरा नं0 1115 रकबा 0.17 है0 व 1116 रकबा 0.03 है0 किता 2 रकबा 0.20 है0 वाके ग्राम जाजैकलां तहसील शाहपुरा किस्म गै0मु0पहाड के स्थान पर गै0मु0रास्ता राजस्व रिकार्ड मे दर्ज किया जावें । तहसील दार शाहपुरा को पालनार्थ लिखा जावें । पत्रावली अन्तिम निर्णय हेतु कैम्प रामपुरा मे दिनांक 24.6.2022 को पेश है। उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा, जिला-जयपुर (राज.)	

ग्रामवासी जालेवला VIS राज० सरकार

केस सं० 25/2022

24.6.22 पत्रावली आज राजस्व पेशकार ~~[illegible]~~ शाहपुरा के पेश हुई। प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान